# यात्रियों की सुविधा के लिए गणेशोत्सव पर रिकॉर्ड 380 से अधिक फेरे लगाएंगी गणपति स्पेशल ट्रेनें

- **वर्ष 2023 में रेलवे ने 305 गणपति स्पेशल ट्रेन फेरों का संचालन किया था, जबकि 2024 में यह संख्या बढ़ाकर 358 कर दी गई थी।**
- **रेलवे द्वारा गणपति स्पेशल ट्रेनों की शुरुआत 11 अगस्त से कर दी गई है। विस्तृत जानकारी आईआरसीटीसी की वेबसाइट, रेलवन ऐप और कंप्यूटरीकृत पीआरएस पर उपलब्ध है।**

**नई दिल्लीः** गणेश उत्सव को देखते हुए भारतीय रेलवे ने श्रद्धालु यात्रियों के लिए खास इंतजाम किए हैं। रेलवे ने इस वर्ष श्रद्धालु यात्रियों की सुविधा के लिए गणपति स्पेशल ट्रेनों के 380 से अधिक फेरों (ट्रिप्स) के संचालन का फैसला लिया है। गणपति उत्सव के दौरान विशेष रेलगाड़ियों के फेरों का यह नया कीर्तिमान है। इससे पहले वर्ष 2023 और 2024 में भी रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए ना सिर्फ विशेष ट्रेनों का संचालन किया था, बल्कि उनके फेरों की संख्या भी बढ़ाई थी। वर्ष 2023 में रेलवे ने 305 गणपति स्पेशल ट्रेन फेरों का संचालन किया था, जबकि 2024 में यह संख्या बढ़ाकर 358 कर दी गई थी।

यात्रियों की सुविधा के लिए जोनवार संचालित जिन स्पेशल ट्रेनों के फेरे बढ़ाए गए हैं उसके अनुसार महाराष्ट्र और कोंकण क्षेत्र में यात्री मांग को देखते हुए मध्य रेलवे में स्पेशल ट्रेनों के 296 फेरे लगेंगे। वहीं, पश्चिम रेलवे में 56 फेरे, कोंकण रेलवे में 06 फेरे और दक्षिण पश्चिम रेलवे में 22 फेरे शामिल हैं। कोंकण रेलवे पर चलने वाली गणपति स्पेशल ट्रेनों के पड़ाव कोलाड, इंदापुर, मानगांव, गोरेगांव रोड,

वीर, सापे वार्मने, करंजडी, विन्हेरे, दीवानखावटी, कलांबनी बुद्रुक, खेड़, अंजनी, चिपलुन, कामथे, सावरदा, अरावली रोड, संगमेश्वर रोड, रत्नागिरी, अदावली, विलावडे, राजापुर रोड, वैभववाड़ी रोड, नंदगांव रोड, कंकावली, सिंधुदुर्ग, कुदाल, जराप, सावंतवाड़ी रोड, मदुरे, थिविम, करमाली, मडगांव जंक्शन, कारवार, गोकामा रोड, कुमता, मुर्देश्वर, मूकाम्बिका रोड, कुंडापुरा, उडुपी, मुल्की और सुरथकल दिए गए हैं।

वहीं, पश्चिम रेलवे मार्गों पर रास्ते में ट्रेनें बोरीवली, वसई रोड, भिवंडी रोड, पनवेल, पेन, रोहा, मानगांव, वीर, खेड़, चिपलुन, संगमेश्वर रोड, रत्नागिरी, राजापुर रोड, वैभववाड़ी रोड, कंकवली, सिंधुदुर्ग, कुडाल, सावंतवाड़ी रोड, थिविम, करमाली, मडगांव जंक्शन, कारवार, गोकर्ण रोड, कुमता, मुर्देश्वर, मूकाम्बिका रोड बिंदूर, कुंडापुरा पर रुकेंगी। मध्य रेलवे में गणपति स्पेशल ट्रेनों का ठहराव दादर, ठाणे, पनवेल, पेन, रोहा, मानगांव, वीर, खेड़, चिपलुन, कामथे, सावर्दा, अरावली रोड, संगमेश्वर रोड, रत्नागिरी, अदावली, विलावडे, राजापुर रोड, वैभववाड़ी रोड, नंदगांव रोड, कंकावली, सिंधुदुर्ग, कुडाल और जराप स्टेशन पर दिया गया है। इसी तरह दक्षिण पश्चिम रेलवे की गणपति स्पेशल ट्रेनें एसएमएम हावेरी, हरिहर, दावणगेरे, बिरूर, अरसीकेरे, तुमकुरु, यशवंतपुर, कुनिगल, चन्नरायपटना, हसन, सकलेशपुर, सुब्रह्मण्य रोड, कबाकापुत्तूर और बंटावाला स्टेशनों पर रुकेंगी।

**11 अगस्त से संचालित हो रही हैं गणपति स्पेशल ट्रेनें:**

त्योहारों के मौसम में श्रद्धालु यात्री अपनी यात्रा की तैयारी पहले से शुरू कर देते हैं। इसलिए यात्रियों की सहूलियत के लिए रेलवे द्वारा गणपति स्पेशल ट्रेनों की शुरुआत 11 अगस्त से कर दी गई है, जबकि गणेशोत्सव 27 अगस्त से 6 सितंबर 2025 तक मनाया जाएगा। स्पेशल ट्रेनों के बारे में विस्तृत जानकारी आईआरसीटीसी की वेबसाइट, रेलवन ऐप और कंप्यूटरीकृत पीआरएस पर उपलब्ध

है। भारतीय रेलवे ने कहा है कि वह यात्रियों को सुरक्षित, विश्वसनीय और सुविधाजनक यात्रा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। खासकर त्योहारों के दौरान जब मांग अत्यधिक बढ़ जाती है, तो यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे की तरफ से खास इंतजाम किए जाते हैं।

**यात्री सुविधा के लिए और ट्रेनें जोड़ी जाएंगीः**

भारतीय रेलवे के अनुसार जैसे-जैसे त्योहार नजदीक आएगा स्पेशल ट्रेनों की अतिरिक्त सेवाएं जोड़ी जाएंगी, जिससे कि यात्रियों को किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।